7. वचन

संज्ञा का वह रूप जिससे उसकी एक या अनेक संख्या का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका सबसे पहले पाठ पृष्ठ 32 पर दी गई वचन की पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 32 पर दिए चित्र पर बच्चों का ध्यान आकृष्ट करें और पूछें, इस चित्र में क्या हो रहा है? चित्र में क्या चीज़ें हैं तथा कितनी हैं, यह प्रश्न पूछते हुए चित्र के नीचे दिए रिक्त स्थान बच्चों से भरवाएँ।
- ❖ समझाएँ, शब्द के जिस रूप से उसकी एक या अनेक संख्या का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।
- ❖ वचन के भेद– एकवचन तथा बहुवचन वचन भी बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 33 पर दिए चित्रों के एक–अनेक शब्द बोलें और बच्चों से उनकी संख्या पूछें।
- ❖ समझाएँ, कुछ शब्द दोनों वचनों में समान रहते हैं, तब उनके वचन का पता वाक्य प्रयोग से किया जाता है।
- ❖ पृष्ठ 34 पर दिए एकवचन तथा बहुवचन शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ एक बच्चा एकवचन शब्द बोले, दूसरा बच्चा बहुवचन शब्दों को बोले।
- ❖ सभी बच्चों को शब्द पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ 'आपने सीखा' के अंतर्गत दिए गए पाठ के मुख्य बिंदुओं को बच्चों से पढ़वाएँ तथा पाठ की दोहराई करवा लें।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाएँ। सभी बच्चों पर ध्यान दें।